भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 625
गुरूवार, 02 दिसम्बर, 2021/11 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**विश्व पर्यटन दिवस समारोह मनाया जाना**

**625. श्री संजय सेठः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में विश्व पर्यटन दिवस मनाया है और यदि हां, तो इसके लक्ष्य और उद्देश्यों के साथ तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस कार्यक्रम के मुख्य विषय का ब्यौरा क्या है और इस अवसर पर सरकार द्वारा किन-किन कार्यक्रमों/कार्य-कलापों का आयोजन किया गया है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख) पर्यटन मंत्रालय ने 27 सितंबर 2021 को नई दिल्ली में विश्व पर्यटन दिवस मनाया है। विश्व पर्यटन दिवस मनाने का लक्ष्य एवं उद्देश्य इसे वैश्विक आयोजन दिवस के रूप में मनाना है, जो पर्यटन के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक मूल्य तथा सतत विकास लक्ष्यों तक पहुंचने में इस क्षेत्र के योगदान के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है और साथ ही इसका उद्देश्य ग्रामीण समुदायों के पुनरुद्धार का भी है। जहाँ यह क्षेत्र एक प्रमुख रोजगार प्रदाता और आर्थिक स्तम्भ है।

विश्व पर्यटन दिवस का थीम ''समावेशी विकास के लिए पर्यटन'' था। यूएनडब्ल्यूटीओ द्वारा सांतर क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के सृजन को प्रोत्साहित करने और इस प्रकार यात्रा उद्योग के लिए विकास पथ का निर्माण करने के लिए इस थीम की परिकल्पना की गई थी। मौजूदा परिस्थितियों में, विश्व पर्यटन दिवस का आयोजन पर्यटन क्षेत्र में वांछित दृढ़ता और आकांक्षाओं के साथ आगे बढ़ने और पुनः मजबूती से उभरने के लिए किया गया था।

पर्यटन मंत्रालय के क्षेत्रीय तथा फील्ड कार्यालयों ने विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए।

*******